



# राजधानी में मुहर्रम जुलूस में गूंजा करबला का संदेश

## पोस्टरों पर लिखा- 'आतंकवाद हर जगह शांति के लिए खतरा'

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुहर्रम के मौके पर शुक्रवार को राजधानी भोपाल में करबला की शहादत की याद में मातमी जुलूस निकाले गए। शहर के विभिन्न इलाकों से निकले इन जुलूसों में हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ताजिए, अलम, बुर्राक और इस्लामी परचम के साथ निकले जुलूसों में करबला के संदेश को वर्तमान घटनाओं से जोड़ते हुए फिलिस्तीन, पहलगाम, मणिपुर और ईरान का उल्लेख करने वाले पोस्टर भी आकर्षण का केंद्र रहे।

पोस्टरों पर 'कर्बला- जुल्म के खिलाफ आवाज' और 'दुनिया में कहीं भी आतंकवाद, हर जगह शांति के लिए खतरा है' जैसे संदेश लिखे थे। कुछ युवाओं ने अपनी टी-शर्ट पर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की तस्वीर भी लगाई थी।

सुबह से फतेहगढ़, इमामी गेट, हमीदिया रोड और करोंद सहित कई क्षेत्रों से मातमी जुलूस निकले। दोपहर में सभी जुलूस इमामी गेट चौराहे पर पहुंचे, जहां विभिन्न अंजुमनों ने सामूहिक मातम किया। इसके बाद जुलूस वीआईपी रोड स्थित करबला के लिए रवाना हुए। फतेहगढ़ इमामबाड़ा से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद नंगे पैर हाथों में अलम लेकर 'या हुसैन' की सदाओं के बीच चलते रहे। रास्ते में लोगों ने सेवा भाव से उनके पैरों पर पानी डालकर गर्म सड़क से राहत पहुंचाई।

जुलूस के दौरान प्रमुख चौराहों पर उलेमा ने करबला की जंग, हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत और उनके संघर्ष पर तकरीरें कीं। वक्ताओं ने कहा कि इमाम हुसैन का संदेश केवल एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत के लिए न्याय, सत्य और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है।

भोपाल टॉकीज से निकले जुलूस में तकरीर के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास ने कहा कि जिस तरह यजीद इमाम हुसैन के मिशन को समाप्त करना चाहता था, उसी प्रकार आज भी कुछ शक्तियां विचारधाराओं को समाप्त करने का प्रयास करती हैं। उन्होंने सैयद अली खामेनेई के संदर्भ में कहा, 'जान ली जा सकती है, लेकिन विचार और व्यवस्था को खत्म नहीं किया जा सकता।'

### *सुरक्षा के कड़े इंतजाम*

*मुहर्रम जुलूसों को देखते हुए पुलिस ने पुराने शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, शाहजहांनाबाद, रॉयल मार्केट, कोहेफिजा और करबला क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहा और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। शाम को छोटे तालाब घाट पर ताजियों का विसर्जन किया गया।*

# मेंडोरी और बरखेड़ी में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

## बिना अनुमति विकसित हो रही कॉलोनियों पर जिला प्रशासन का शिकंजा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केरवा डैम के आसपास बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध जिला प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को हुजूर अनुभाग के अंतर्गत मेंडोरी और बरखेड़ी बज्याफत गांव में प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

इस दौरान कॉलोनियों में बनाई गई सड़कें उखाड़ दी गईं तथा चारदीवारी तोड़ दी गई। दोनों स्थानों की भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य 27 करोड़ रुपये बताया गया है। अनुविभागीय अधिकारी विनोद सोनकिया ने बताया कि केरवा डैम और उसके आसपास के क्षेत्र में बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। तहसीलदार अतुल शर्मा की मौजूदगी में पहले मेंडोरी और उसके बाद बरखेड़ी बज्याफत में कार्रवाई की गई।

प्रशासन के अनुसार ग्राम मेंडोरी में 1.590 हेक्टेयर भूमि मुनतियाज अली के नाम दर्ज है। इस भूमि पर राजीव द्विवेदी द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

डैम के पूर्ण जलभराव स्तर से 33 मीटर की सीमा के भीतर किए जा रहे अनधिकृत निर्माण को हटाया गया। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य 15 करोड़ रुपये है।

इसी प्रकार ग्राम बरखेड़ी बज्याफत के खसरा क्रमांक 296 की 1.570 हेक्टेयर भूमि, जो शाहवाज खान के नाम दर्ज है, पर भी अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। राजस्व अमले ने यहां भी निर्माण कार्य ध्वस्त कर दिया। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य 12 करोड़ रुपये आंका गया है।

प्रशासन के अनुसार हुजूर अनुभाग में पिछले छह दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 15 से अधिक अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन कॉलोनियों का विकास लगभग 150 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति के किया जा रहा था, जिसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन और अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी उपक्रम संघ ने शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय निगम, मंडलों और सहकारी संस्थाओं में 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। संगठन के संयोजक अनिल बाजपेई और प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा कि जबलपुर हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल 2026 को राधेश्याम वर्मा प्रकरण में ऐसे कर्मचारियों को नियमित करने तथा नियमित कर्मचारियों के समान यात्रा भत्ता और अन्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए हैं।

संगठन ने सभी निगम-मंडलों, प्राधिकरणों, परिषदों और आयोगों के अध्यक्षों तथा संस्था प्रमुखों से न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन करने की अपील की है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के साथ प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। मांग का समर्थन कई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी किया है।

# टाइगर मूवमेंटः मॉर्निंग वॉक के दौरान दंपत्ति का सामना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के चंदनपुरा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह टाइगर की मौजूदगी से हड़कंप मच गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को बाघ दिखाई दिया। इस दौरान एक दंपती का बाघ से आमना-सामना हो गया। महिला के शोर मचाते ही बाघ झाड़ियों की ओर चला गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। तभी उनके बिल्कुल पास से एक जानवर निकला। पहले उन्हें लगा कि कोई





कुत्ता होगा, लेकिन गौर से देखने पर पता चला कि वह बाघ है। उनके पति कुछ दूरी पर चल रहे थे। उन्होंने तुरंत जोर से आवाज लगाई, जिसके बाद बाघ झाड़ियों में चला गया। घटना के दौरान आसपास मौजूद कई अन्य लोगों ने भी बाघ को देखा। कुछ लोगों ने उसकी दहाड़ सुनने का दावा किया। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे, जबकि कुछ लोगों ने दूर से बाघ का वीडियो भी बनाया।

### फार्महाउस की बाउंड्री में घुसा बाघ

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झाड़ियों में जाने के बाद बाघ चंदनपुरा स्थित एक निजी फार्महाउस की बाउंड्री के भीतर चला गया। घटना सुबह करीब 6:30 से 7 बजे के बीच की है। सूचना मिलने पर सुबह करीब 9 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में सर्चिंग शुरू की।

वन्यजीव विशेषज्ञ राशिद नूर ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बड़ी जाली लगाई गई है, लेकिन उसका एक हिस्सा खुला हुआ है। आशंका है कि बाघ उसी रास्ते से रिहायशी क्षेत्र में पहुंचा। उन्होंने कहा कि चंदनपुरा बाघों के प्राकृतिक कॉरिडोर के करीब है और यहां पहले भी टाइगर की गतिविधियां दर्ज होती रही हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इलाके में तेजी से हो रहे निर्माण कार्य, भूमि विकास और लोगों की बढ़ती आवाजाही से बाघों के प्राकृतिक रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, क्षेत्र में वन विभाग की स्थायी चौकी नहीं होने से निगरानी भी चुनौती बनी हुई है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में मानव-बाघ संघर्ष की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

# कांग्रेस विधानसभा प्रभारियों की कार्यशाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कांग्रेस ने इंदिरा भवन में रीवा और उज्जैन संभाग के विधानसभा प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित की। इसमें संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार, जनसंपर्क अभियान और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को अधिक सक्रिय और जनआधारित बनाने के निर्देश दिए।

### उधारी मांगना पड़ा भारी

# बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर पर तलवार से जानलेवा हमला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बिलखिरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छावनी पठार में पुरानी उधारी को लेकर शुक्रवार की दरमियानी रात खूनी संघर्ष हो गया। बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर मनोहर रघुवंशी (40) पर उधारी के रुपये मांगने पर कथित रूप से विजय मालवीय और उसके साले आशीष व आकाश ने तलवार, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में मनोहर के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार, मनोहर रघुवंशी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का व्यवसाय करते हैं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12:10 बजे वह अपने घर के बाहर परिवार और कुछ परिचितों के साथ बैठे थे। इसी दौरान विजय मालवीय अपने साले आशीष और आकाश के साथ वहां पहुंचा। दोनों पक्षों के बीच पहले से बिल्डिंग मटेरियल की उधारी को लेकर विवाद चल रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रुपये मांगने की बात पर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने तलवार, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में मनोहर के सिर पर गंभीर चोट लगी, जबकि नाक पर भी गहरा घाव हुआ। घटना के दौरान पत्थरबाजी भी की गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बिलखिरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला बदर बदमाश साहिल उर्फ बच्चा गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गांधीनगर थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आदतन बदमाश सोहेल उर्फ बच्चा को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के भोपाल की सीमा में प्रवेश कर विदिशा बायपास स्थित एक ढाबे पर बैठा मिला था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस आयुक्त संजय कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जोन-4 आदर्श कांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार पाठक तथा सहायक पुलिस आयुक्त निशातपुरा अक्षय चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गांधीनगर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना गांधीनगर का सूचीबद्ध बदमाश एवं जिला बदर आरोपी सोहेल उर्फ बच्चा (31) विदिशा बायपास स्थित एक ढाबे पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर



उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोहेल उर्फ बच्चा पिता कादर खान, निवासी सिराज पट्टी, शासकीय हाई स्कूल के पीछे, गांधीनगर, बताया। जांच में सामने आया कि पुलिस आयुक्त के आदेश के तहत उसे मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(क)(ख) के अंतर्गत एक वर्ष के लिए भोपाल तथा उससे लगे विदिशा, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। पुलिस के अनुसार, सोहेल उर्फ बच्चा आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ गांधीनगर थाने में चोरी, मारपीट, अवैध हथियार रखने, आबकारी अधिनियम तथा अन्य गंभीर अपराधों सहित 14 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी।

# पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में नाबालिग को किया गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के गांधीनगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी और एक विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को गिरफ्तार कर प्रकरण का निराकरण किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया, जबकि बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, घटना 1 जून 2026 की रात करीब 8:45 बजे की है। फरियादी सेक्टर-11 से पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गोड़ीपुरा निवासी आशु उर्फ आशु और फराज उर्फ सरफराज ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट की और आरोप है कि फराज उर्फ सरफराज ने जान से मारने की नीयत से चाकू से गर्दन पर वार किया।

फरियादी ने बचाव किया तो चाकू उसकी गर्दन के बजाय कंधे और पीठ पर लगा, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद गांधीनगर थाने में अपराध क्रमांक



239/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 109(1) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और लगातार की गई तलाश के आधार पर आरोपी फराज उर्फ सरफराज तथा एक विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

# शिवाजी नगर में 50 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-46 स्थित शिवाजी नगर में 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शुक्रवार को सांसद आलोक शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी ने भूमि पूजन किया।

अय्यप्पा मंदिर के पास बनने वाले इस भवन का निर्माण सांसद निधि से कराया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने लंबे समय से मांगलिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन की मांग की थी।

भूमि पूजन के अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की जरूरत को देखते हुए विधायक भगवानदास सबनानी के आग्रह पर सांसद निधि से राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

श्री सबनानी ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से क्षेत्रवासियों को विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रियेश उपाध्याय, पार्षद ब्रजुला साचन, पार्षद आरती राजू अनेजा, पूर्व पार्षद राजेश खटीक उपस्थित रहे।

# एमवीएम खेल मैदान बचाने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) के खेल मैदान की भूमि पर प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन निर्माण का पूर्व छात्र संगठन एमवीएम एलुमिनी ने विरोध किया है। संगठन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप कर मैदान को सुरक्षित रखने की मांग की है।

एमवीएम एलुमिनी के उपाध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि भोपाल के प्रमुख शासकीय महाविद्यालयों में एमवीएम ही ऐसा संस्थान है, जिसके पास बड़ा खेल मैदान उपलब्ध है। इसी मैदान से कई खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है तथा वर्षों से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है।

उन्होंने बताया कि पहले महाविद्यालय का परिसर करीब 21 एकड़ में फैला था, जो समय के साथ घटकर लगभग 13 एकड़ रह गया है। अब खेल मैदान के हिस्से में मेट्रो स्टेशन बनाने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि मैदान का उपयोग पहले भी मेले, पार्किंग और अन्य आयोजनों के लिए होता रहा है, जिससे इसकी स्थिति लगातार प्रभावित हुई है।

एलुमिनी का कहना है कि यदि मैदान पर मेट्रो स्टेशन और उससे जुड़ी पार्किंग विकसित होती है तो खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास और खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचेगा। संगठन ने सरकार से खेल प्रतिभाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए मैदान को यथावत सुरक्षित रखने और वैकल्पिक स्थान पर मेट्रो स्टेशन विकसित करने पर विचार करने की अपील की है।

# पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह में विविधता में एकता का संदेश




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लोक भवन में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारत की विविधता में एकता की सबसे बड़ी शक्ति विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच आत्मीयता और सांस्कृतिक समरसता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में बसे बंगाली समाज ने स्थानीय संस्कृति के साथ सहज रूप से समन्वय स्थापित कर देश की एकता को और मजबूत किया है।

समारोह में पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित लोकगीत, लोकनृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बाउल, झूमर, धमाइल और भटियाली लोकधुनों ने दर्शकों को बंगाल की संस्कृति से रूबरू कराया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया तथा राज्य की सांस्कृतिक और विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। साथ ही मध्यप्रदेश के विकास पर केंद्रित फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ।

कार्यक्रम में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों, विभिन्न कालीबाड़ी समितियों के सदस्यों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। राज्यपाल ने आयोजन में महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे बदलते भारत और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।

# सशक्त उद्यमी-समृद्ध मध्यप्रदेश समिट आज

**नप्र, भोपाल :** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर 27 जून को भोपाल के रवींद्र भवन में 'सशक्त उद्यमी-समृद्ध मध्यप्रदेश' समिट का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिट में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 225.19 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता और स्टार्ट-अप्स को लगभग 39 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की जाएगी। इस दौरान विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का शुभारंभ, भूमि-पूजन और महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर भी होंगे। समिट में लगभग 2,000 उद्यमी, स्टार्ट-अप, वित्तीय संस्थानों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, महिला स्व-सहायता समूहों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रदर्शनी में करीब 60 स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां एमएसएमई, ओडीओपी, स्टार्ट-अप, सरकारी योजनाओं, ई-कॉमर्स और बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होगी।